17. आत्मविश्वास

सोचो-बोलो

© NCERT not to be republished

प्रश्न :

1. चित्र में क्या दिखायी दे रहा है?
2. विकलांग लोगों के लिए तुम क्या करना चाहोगे?

छात्रों के लिए सूचनाएँ :

1. पाठ पढ़ो। कठिन शब्द और वाक्य रेखांकित करो।
2. कठिन शब्दों और वाक्यों के बारे में मित्रों से चर्चा करो।
3. कठिन शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ो।

रोहित पिछले साल छुट्टियाँ बिताने कश्मीर गया था। लौटते समय एक दुर्घटना में वह सुनने की शक्ति खो बैठा। वह खुद को लाचार महसूस करने लगा। वह उदास रहने लगा।

एक दिन रोहित के पिता ने उससे कहा - "तुम सुन नहीं पाते हो तो क्या हुआ, देख तो सकते हो।" उन्होंने उसे कुछ किताबें दीं और कहा - "जीवन में कुछ बनना है, तो खूब पढ़ो।"

एक दिन वह बगीचे में बैठा था। एक चिड़िया आकर पेड़ पर बैठ गयी। यह एक रंग-बिरंगी चिड़िया थी। उसके मन में आया कि उस सुंदर चिड़िया का चित्र बनायें। रोहित ने तुरंत ही कॉपी-पेंसिल निकाली और चिड़िया का चित्र बना डाला। उसे अपना बनाया वह चित्र बहुत अच्छा लगा। एक दिन वह तश्तरी में रंग मिला रहा था। उसने पिता को दरवाज़े पर खड़ा देखा।

© NCERT not to be republished

रोहित की रुचि को देखकर उसके पिताजी रंग, ब्रश तथा सफेद कागज़ के बंडल ले आये। यह देखकर रोहित बहुत खुश हुआ।

रोहित ने उसी क्षण तय कर लिया कि वह मेहनत से काम करेगा। वह जानता था कि चित्र बहुत सुंदर है तो देखनेवाले उसे पसंद करते हैं। अब रोहित पूरी मेहनत से चित्रकारी में जुट गया। वह अपने आर्ट स्कूल में कला का अभ्यास तो करता ही था। घर पर अपने कमरे में भी चित्रों और रंगों से खेलता रहता था। उसने सैकड़ों चित्र बना डाले। लोग उसके चित्रों को देखते तो उसकी बड़ी प्रशंसा करते। उसके चित्रों की प्रदर्शनी भी लगने लगी। इसमें देश भर से और विदेश से भी लोग उसके चित्रों को देखने आते थे। वे अच्छी क़ीमत देकर इन चित्रों को खरीदने भी लगे।

सच है, प्रेरणा और आत्मविश्वास से सफलता मिलती है।

© SCERT not to be republished



सुनो-बोलो

1. रोहित की तरह तुम्हें किन चीज़ों में रुचि है?
2. अपनी किसी एक रुचि के बारे में बताओ?
3. आत्मविश्वास रहने पर हम क्या-क्या कर सकते हैं?

पढ़ो

(अ) उचित शब्द से रिक्त स्थान भरो।

1. रोहित ....(पत्रकार / चित्रकार) है।
2. वह .... (सुनने / बोलने) की शक्ति खो बैठा।
3. एक दिन वह .... (बस / बगीचे) में बैठा था।
4. लोग उसके चित्रों की बड़ी .... (बुराई / प्रशंसा) करते थे।

(आ) जो चित्र बनाता है उसे चित्रकार कहते हैं। उसी प्रकार निम्न लिखित व्यक्तियों को क्या कहते हैं?

- जो कविता लिखता है ....
- जो नृत्य करता है ....
- जो अभिनय करता है ....
- जो गाना गाता है ....
- जो मूर्ति बनाता है ....

लिखो

1. **रोहित छुट्टियों में कहाँ गया था? लौटते समय उसके साथ क्या हुआ?**

....

....

© SCERT not to be republished

2. रोहित को चित्र बनाने की प्रेरणा कैसे मिली? उसके पिता ने उसकी सहायता कैसे की?

....

....

....

....

शब्द भंडार

रोहित बगीचे में बैठा था। अब बताओ कि तुम घूमने के लिए कहाँ-कहाँ जाते हो-

....

....

भाषा की बात

आप आइए।	माता भोजन बनाती है।
वह दौड़ता है।	सीता खाती है।
बालक पढ़ता है।	रमा लिखती है।

ऊपर दिये गये वाक्यों में आना, दौड़ना, लिखना, पढ़ना, बनाना, खाना आदि शब्द संज्ञा या सर्वनाम द्वारा किये गये कार्य को बतलाते हैं। ऐसे शब्दों को क्रिया कहते हैं।



सृजनात्मक अभिव्यक्ति

अपना मनपसंद चित्र उतारकर रंग भरो। उसके बारे में लिखो।

©SCERT not to be republished

क्या मैं ये कर सकता हूँ?	हाँ (√)	नहीं (×)
1. पाठ के बारे में बातचीत कर सकता हूँ।		
2. पाठ का सारांश अपने शब्दों में बता सकता हूँ।		
3. पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिख सकता हूँ।		
4. पाठ के शब्दों से वाक्य बना सकता हूँ।		

लक्ष्य प्राप्त करने की दृढ़ इच्छा हो तो विकलांगता कभी अड़चन नहीं बन सकती।

© SCERT not to be republished